RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 342 | नागौर, 24 नवम्बर, 2022 (गुरुवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## टी-20 रैंकिंग में सूर्या नंबर-1 पर कायम

### ताजा रैंकिंग में करियर बेस्ट 890 पॉइंट्स, विराट को दो स्थान का नुकसान



दुबई।

टीम इंडिया के स्टार सूर्यकुमार यादव ताजा आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बने हुए हैं। वे पिछले हफ्ते भी टॉप पर थे। इस बार उनके रेटिंग अंकों में इजाफा हुआ है। सूर्या के 890 रेटिंग पॉइंट्स हैं। पिछले सप्ताह उनके 859 पॉइंट्स थे। विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है। उनकी रैंकिंग के बारे में आगे जानेंगे। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान 836 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा नंबर-1 पर हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर हैं।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में जमाया था शतक

सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। 2 मुकाबलों में उनके बल्ले से 124 रन निकले हैं। इसमें एक शतक शामिल है। सर्या ने दूसरे टी-20 मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। यह उनके करियर का दूसरा शतक था।

### विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान

टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है। कोहली अब 650 पॉइंट्स के साथ 13वें नंबर पर हैं। केएल राहुल 582 अंकों के साथ 19वें स्थान पर हैं। इस तरह भारत के तीन बल्लेबाज टॉप 20 में हैं।

### गेंदबाजी में भुवी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय

गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार 647 पॉइंट्स के साथ 13वें स्थान पर हैं। वे सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय गेंदबाज हैं। अर्शदीप सिंह 616 अंकों के साथ 21वें और रविचंद्रन अश्विन 606 अंकों के साथ 21वें नंबर पर हैं। युजवेंद्र चहल 532 पॉइंट्स के साथ 43वें स्थान पर हैं।




## दूसरे धर्म में शादी करने पर युवती को गोली मारी


### पति लतीफ बोला- मेरा परिवार उससे नाराज था

जयपुर।

जयपुर में बुधवार सुबह 26 साल की युवती को बाइक सवार दो युवकों ने पीछे से गोली मार दी। उसकी हालत गंभीर है। पति का आरोप है कि उसके बड़े भाई यानी युवती के जेठ ने गोली मारी है।उसका यह भी कहना है कि हमने करीब एक साल पहले कोर्ट मैरिज की थी। परिवार इससे नाखुश था। मेरे बड़े भाई हमें लगातार परेशान कर रहे थे, जिसकी मैंने सदर थाने में शिकायत भी की थी। युवती का नाम अंजली है, पति का नाम अब्दुल लतीफ और आरोपी जेठ का नाम अब्दुल रियाज है। हमले के वक्त रियाज के साथ एक व्यक्ति और कौन था यह अभी पता नहीं चल सका है।

### अंजली के पीठ में गोली लगी

अंजली पीठ में गोली लगने के बाद बेहोश होकर सड़क पर ही गिर गई। उसे कांवटिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां ट्रॉमा सेंटर में उसका इलाज चल रहा है। लतीफ का कहना है कि मेरे बड़े भाई रियाज खान ने ही फायरिंग की है।



### काम पर जाने के लिए पैदल निकली थी अंजली

अंजलि जयपुर के मुरलीपुरा में पल्लवी स्टूडियो के पास रहती है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह काम पर जाने के लिए घर से पैदल निकली थी। घर से डेढ़ किलोमीटर दूर सुबह 10 .29 बजे उस पर हमला किया गया। अंजलि आयुर्वेदिक दुकान पर जॉब करती है।

### अंजलि ने बताया, रियाज की आवाज लग रही थी

अब्दुल ने बताया कि मैं ऑफिस में था। अचानक फोन आया कि अंजलि को किसी ने गोली मार दी है। मैं सीधा अस्पताल पहुंचा। अंजलि ने मुझे बताया कि स्कूटी सवार फोन पर बात करते आ रहे थे। रियाज की आवाज लग रही थी। वो किसी से पूछ रहा था, कहां गोली मारनी है। हमने इनकी बहुत बार कम्प्लेंट की थी। अगर पुलिस वाले इन पर दबाव डालते तो आज ये घटना नहीं होती।

## बीजेपी के लिए व्यक्ति से बढ़कर पार्टी और पार्टी से बड़ा देश है, यही हमारी संस्कृति : पीएम मोदी



नई दिल्ली।

दो चरणों में होने वाले गुजरात के विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम दलों की ओर से राजनीतिक तैयारियां तेज हो गई हैं और नेताओं की रैलियों का दौर भी बदस्तूर जारी है। बीजेपी की ओर से गुजरात फतह का जिम्मा प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कंधों पर उठा लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंत तक गुजरात में लगभग 35 और रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि 23 और 24 नवंबर को मेहसाणा, दाहोद, वडोदरा, भावनगर, पालनपुर, देहगाम, मटर और ढोलका में सभाओं को संबोधित करेंगे। इसी क्रम में आज पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मेहसाणा में जनसभा को संबोधित किया। मेहसाणा जिले को देश का पहला सूर्यग्राम होने का गौरव मिला और मोढेरा सूर्यग्राम के शुभारंभ के साथ ही मोढेरा की चमक पूरे विश्व में छा गई। इस बीच मेहसाणा जिला भी चमका।

## नशे की लत में माता-पिता समेत 4 की हत्या

### परिवार ने नशा मुक्ति केंद्र भेजा था, लौटते ही माता-पिता, बहन और दादी को मारा

नई दिल्ली।

दिल्ली के पालम इलाके में एक व्यक्ति ने अपने परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी। घटना मंगलवार की रात साढ़े दस बजे की है। आरोपी का नाम केशव है और वह नशे का आदी है। परिवार ने उसे नशामुक्ति केंद्र भेजा था। वहां से लौटने के बाद भी उसकी लत नहीं छूटी। वह नशे के लिए परिवार से पैसे मांगता रहता था।

मंगलवार को भी उसने नशे के लिए पैसे मांगे थे। जब घरवालों ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने परिवार के लोगों की हत्या करने का फैसला कर लिया।

घर के चारों सदस्यों को घर सभी को अलग-अलग कमरे में ले जाकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भागने की फिराक में था, लेकिन उसके चचेरे भाई ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों की पहचान पिता दिनेश, मां दर्शना, बहन उर्वशी और दादी दीवाना देवी के रूप में हुई है।



### बहन की चीख सुनकर पहुंचा चचेरा भाई

आरोपी केशव को पकड़ने वाले उसके चचेरे भाई ने बताया कि केशव के मकान की ऊपरी मंजिल पर झगड़ा हो रहा था। कुछ देर बाद बहन के चीखने की आवाज सुनी थी। वह बचाने की गुहार लगा रही थी। जब वह कुछ लोगों के साथ पहुंचा, तो आरोपी के घर का दरवाजा बंद था। जब उसने दरवाजा खटखटाया तो आरोपी बोला कि ये हमारा फैमिली मैटर है। इस पर लोगों ने कुछ देर तक इंतजार किया, लेकिन अचानक आरोपी भागने लगा, तो लोगों ने उसे पकड़ लिया। जब लोग घर के अंदर गए तो देखा कि घर का फर्श खून से लथपथ था। आसपास चार लाशें पड़ी हुई थीं। ये लाशें आरोपी के माता-पिता, बहन और दादी की थीं।

### राहुल बोले- बीजेपी पहले डर फैलाती है फिर हिंसा: हिंदुस्तान में किसी को डरने की जरूरत नहीं; साढ़े तीन बजे फिर शुरू होगी यात्रा

**बुरहानपुर (म.प्र.)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुधवार को महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश पहुंची। यात्रा का पहला पड़ाव बुरहानपुर जिले का बोदरली गांव रहा। यहां सुबह 7 बजे राहुल का आरती उतारकर स्वागत किया गया। बंजारा लोक नृत्य कलाकार रीना नरेंद्र पवार ने उनके स्वागत में लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। एमपी में अपने पहले भाषण में ही उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। कहा- बीजेपी पहले डर फैलाती है फिर हिंसा।

हिंदुस्तान में किसी को डरने की जरूरत नहीं है। राहुल का काफिला सुबह 6 बजे महाराष्ट्र के जलगांव जामोद से रवाना हुआ। एमपी में यात्रा की शुरुआत बोदरली से हुई है।

## श्रद्धा का मर्डर प्री-प्लांड था

### आफताब के बयान से एक्सपर्ट्स सहमत नहीं, बोले- यह गुस्से में हुआ अपराध नहीं



नई दिल्ली।

अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार मनोचिकित्सक डॉ. संदीप वोहरा ने आफताब के बयान को झूठ बताया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा की हत्या गुस्से में हुई कोई घटना नहीं बल्कि प्री-प्लांड साजिश थी। श्रद्धा मर्डर केस के आरोपी आफताब ने मंगलवार को कोर्ट में कहा कि उसने गुस्से में आकर अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या कर दी। डॉ. संदीप बोहरा का कहना है, मैं आफताब के बयान से सहमत नहीं हूं। जब कोई गुस्से में अपराध करता है तो कुछ देर बाद उसे अपनी गलती का अहसास भी होता है। कई बार खबरें आती हैं कि किसी शख्स ने दूसरे को गोली मार दी और फिर पुलिस स्टेशन में जाकर सरेंडर कर दिया। वहीं, आफताब हत्या के बाद महीनों तक सबूत खत्म करता रहा। इससे साफ है कि श्रद्धा की हत्या की प्लानिंग उसने पहले से ही कर ली थी।

डॉ. बोहरा ने कहा कि मर्डर के बाद आफताब ने जिस तरह के काम किए वह एक मनोरोगी ही कर सकता है न कि सामान्य व्यक्ति। ऐसा लगता है कि आफताब को अपने किए का कोई पछतावा नहीं है। आफताब के बार-बार बयान बदलने पर उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। वो बयान बदलकर पुलिस को गुमराह करेगा। इस पूरे मामले में श्रद्धा के परिवार के सपोर्ट की भी कमी रही। अगर परिवार को समर्थन होता तो शायद वह जिंदा होती। डॉक्टर वोहरा ने मामले में इंटरनेट और सोशल मीडिया की भूमिका पर कहा कि सोशल मीडिया से ऐसी बर्बर घटनाएं हो सकती हैं। आफताब जैसे लोग स्वाभाव से अपराधी होते हैं।

## धर्मांतरण पर कार्रवाई करे गहलोत सरकार : ठाकुर

### कहा-राजस्थान सरकार में दो बड़े नेताओं की लड़ाई, बांटो और राज करो की सोच

जयपुर.

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा- राजस्थान में हिन्दुओं के धर्मांतरण मामलों पर प्रदेश सरकार को कानून के तहत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा सुप्रीम कोर्ट ने भी चिन्ता जाहिर की है कि इस तरह के मामले देश के लिए लम्बे समय तक ठीक नहीं हैं। इससे चुनौतियां खड़ी होंगी। मैं आशा करता हूं कि राजस्थान की सरकार धर्मांतरण के मुद्दों पर उचित कार्रवाई करेगी।

दिल्ली में श्रद्धा हत्याकांड और लव जेहाद के सवाल पर राजस्थान ष्टरू अशोक गहलोत का उसे घटना-दुर्घटना बताने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री ठाकुर बोले- राजस्थान की जनता 4 सालों में यह सोचकर दुखी होती होगी कि क्या सोचकर वोट दिया। राजस्थान कांग्रेस सरकार में दो बड़े नेताओं (गहलोत-पायलट) की आपसी लड़ाई तो मान सकते हैं। लेकिन महिलाओं से अत्याचार, दुराचार यहां की चरमराई कानून व्यवस्था को बताता है। दलित-वंचित और महिला के साथ रोज कोई ना कोई नई घटना और कहानी यहां से देश में जाती है। ठाकुर ने कहा- कल्पना करें राजस्थान की क्या छवि इस सरकार ने बना दी। जो पर्यटन के नजरिए से अच्छा राज्य माना जाता था। दुनिया भर के पर्यटक जहां आते थे। आज यहां महिलाएं, अनुसूचित जाति के लोग सुरक्षित नहीं हैं। उसको अगर राजनीतिक रूप देकर किसी जाति-धर्म, सम्प्रदाय से जोड़ा जाए, तो यह ष्टरू क्या कांग्रेस की सोच दर्शाती है कि बांटों और राज करो। इन लोगों ने सारी उम्र यही किया। ये जाति धर्म के नाम पर ही बांटते रहे, आज भी वही कर रहे हैं।



### हिमाचल-गुजरात में फिर बीजेपी की सरकारें बनेंगी

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री ठाकु ने कहा- जिस तरह से उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवा में बीजेपी की जीत हुई। वहां फिर पार्टी की सरकारें बनीं। उसी तरह ही हिमाचल प्रदेश और गुजरात में हो रहे चुनाव में भी बीजेपी की सरकारें फिर से बनेंगी। हिमाचल में अनुराग खुदको सीएम बनाने की यूथ की मांग पर उन्होंने कहा-मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूँ। एक सांसद और केंद्रीय मंत्री के नाते मोदीजी के नेतृत्व में दिल्ली में काम कर रहा हूँ। बहुत खुश हूं और बहुत काम करने की अभी और जरूरत है।

हिमाचल में चुनाव प्रचार के दौरान भावुक होने के सवाल पर ठाकुर बोले- बीजेपी का कार्यकर्ता हिमाचल में जिस निष्ठा के साथ 5 सालों में काम करता रहा। जिन सीटों पर हम कमजोर भी थे, तो वहां पर लोकसभा चुनाव में 30-30 हजार वोटों की लीड दिलाई। ये अपने आप में दिखाता है कि बीजेपी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता किसी भी स्तर तक पार्टी को जिताने के लिए तैयार रहता है।

गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के जीत के दावों पर ठाकुर ने कहा- आम आदमी पार्टी दावे तो उत्तरप्रदेश-उत्तराखण्ड में भी करती थी।

## झुंझुनूं एसीबी की टीम ने लाडनूँ नगरपालिका में खंगाली फाईलें

### पूर्व ई.ओ मघराज व कनिष्ठ सहायक के खिलाफ दो लाख की रिश्वत लेने का मामला दर्ज

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ (नागौर डेली न्यूज)** झुंझुनूं से एसीबी टीम के एडिशनल एस.पी. लियाकत खान व सुभाष चन्द्र ए.एस.आई. सहित दो सदस्यों की टीम बुधवार को दिनभर लाडनूँ में रही। टीम ने इस दौरान देर शाम तक नगरपालिका के पूर्व अधिशाषी अधिकारी मघराज डूडी व कार्यालय कनिष्ठ सहायक नन्दकिशोर चौधरी के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट के मामले में अनुसंधान करते हुए कई पत्रावलियों व फाईलों को खंगाला। एएसपी खान ने बताया कि लाडनूँ तहसील के खोखरी निवासी ठेकेदार बुधाराम सारण व उसके पुत्र ने एसीबी विभाग को लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी फर्म सारण कंस्ट्रक्शन के स्टेडियम के पास चार दीवारी निर्माण कार्य व एक डामर रोड़ की कुटाई का काम करने के ठेके में पेंडिंग चल रहे भुगतान के एवज में लाडनूँ नगरपालिका के पूर्व अधिशाषी अधिकारी मघराज डूडी व कार्यालय के पूर्व बाबू नन्दकिशोर चौधरी ने उनसे दो लाख



रुपये की रिश्वत राशि प्राप्त की थी। इस मामले में एसीबी ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले का अनुसंधान एएसपी इस्माईल खान कर रहे हैं । फाइलों की जांच, प्रकरण की सत्यता व अन्य बयान एंव फाईलों को अपने कब्जे में करने के लिए टीम ने लाडनूँ नगरपालिका चैयरमैन रावत खान, वाईस चैयरमैन मुकेश खींची व अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र मीणा व अन्य कर्मचारियों से उनकी ड्यूटी काल के बारे में चर्चा कर अनेकों साक्ष्य जुटाए हैं व नगरपालिका से उनसे जुड़ी हुई फाईलें अपने कब्जे में की है। फिलहाल दोनों का ही लाडनूँ पालिका से ट्रांस्फर होना बताया गया है।

## सम्पादकीय

# इंसाफ का तकाजा

समाज में प्रचलित परंपराओं और रीतियों में अगर कभी कोई खास पहलू किसी पक्ष के लिए अन्याय का वाहक होता है, तो उसके निवारण के लिए व्यवस्थागत इंतजाम किए जाते हैं। मगर ऐसे मौके अक्सर आते रहते हैं, जब परंपराओं और कानूनों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। नाबालिग बच्चों को उनके खिलाफ यौन अपराधों और शोषण से सुरक्षा देने के लिए पाक्सो कानून बनाया गया। जाहिर है कि बच्चे चाहे जिस भी धर्म के हों, उनके खिलाफ होने वाले अपराधों को इसी के तहत देखना और बरतना एक स्वाभाविक कानूनी प्रक्रिया है। मगर कई बार सामुदायिक परंपराओं के लिहाज से भी इस प्रावधान की प्रासंगिकता को कसौटी पर रखने की कोशिश की जाती है। केरल उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के बाद इसी द्वंद्व पर स्पष्ट राय दी है, जिसमें किसी धर्म के तहत बनाए गए अलग नियम के मुकाबले पाक्सो कानून को न्याय का आधार बनाया गया है। अदालत की राय के मुताबिक, हालांकि मुसलिम पर्सनल ला में कानूनी तौर पर निर्धारित नाबालिगों की शादी भी मान्य है, इसके बावजूद पाक्सो कानून के तहत इसे अपराध माना जाएगा।

केरल हाई कोर्ट के ताजा फैसले को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी तरह के मामलों में पहले तीन अन्य उच्च न्यायालयों ने अठारह साल से कम उम्र की लड़की की शादी के मामले को पर्सनल ला के तहत सही बता कर खारिज कर दिया था। पर केरल में एक सदस्यीय पीठ के सामने आए इस मामले में जांच के बाद एक अलग पहलू यह भी पाया गया कि नाबालिग लड़की के माता-पिता की जानकारी के बिना आरोपी ने उसे बहला-फुसला कर अगवा किया था। ऐसे में किसी भी धार्मिक कानून के दायरे में खुद भी इस पर विचार किया जाना चाहिए कि ऐसा विवाह कितना सही है।

इसके अलावा, पाक्सो कानून की व्याख्या करते हुए अदालत ने साफ किया कि यह बाल विवाह और यौन शोषण के खिलाफ है और इस हिसाब से शादी होने के बाद भी किसी नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाना कानूनी अपराध है। निश्चित तौर पर अब बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों और शोषण के संदर्भ में पाक्सो कानून और किसी धर्म के विशेष नियमों के बीच की स्थिति को लेकर नई बहस खड़ी होगी। खासतौर पर इस तरह के मामलों में तीन अन्य अदालतों से जिस तरह से भिन्न फैसले आए थे, उसमें किसी एकरूप स्थिति की मांग पैदा होगी। लेकिन हिंदू, बौद्ध, सिख और ईसाई आदि से अलग मुसलमानों में शादी की न्यूनतम उम्र के संदर्भ में जो कानूनी व्यवस्था है, उसके मद्देनजर कई बार जटिल स्थिति बनती है। इसके बावजूद यह सवाल उठेगा कि अगर कोई कानून किसी अपराध से सभी बच्चों को सुरक्षा मुहैया कराने की बात करता है तो क्या किसी बच्चे को इसलिए इसके प्रावधानों के संरक्षण से वंचित कर दिया जाएगा कि वह किसी खास धार्मिक पहचान से संबद्ध है! इस लिहाज से देखें तो केरल हाई कोर्ट का ताजा फैसला इस दिशा में एक नई व्यवस्था की जमीन बन सकता है, जिसमें बिना धार्मिक पहचान का खयाल किए सभी बच्चों को न्याय मुहैया कराने की बात होगी। यह छिपा नहीं है कि पाक्सो कानून के प्रभावी होने के बावजूद मुसलिमों के अलावा अन्य धर्मों को मानने वाले समुदायों में भी बाल विवाह के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। खासतौर पर अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाह आज भी प्रशासन के लिए चुनौती बने रहते हैं।

# प्रदूषण से मुक्ति का हक मांगती दुनिया

**पिछले दिनों पर्यावरण प्रदूषण की वजह से हर साल की तरह दिल्ली की जिंदगी रुक गई। स्कूल बंद हो गए। धुंध का प्रसार दिल्ली ही नहीं, पूरे उत्तर भारत में फैल गया। लोगों का दम इस प्रकार घुटने लगा कि सुबह की सैर भी गुनाह लगने लगी। ऐसी हालत में इस आसन्न आपात मृत्यु से बचने के लिए एक ही रास्ता रह जाता है कि बिना कोई राजनीति किए, अपना दायित्व दूसरे पर धकेलने की चेष्टा किए बगैर पर्यावरण प्रदूषण का मुकाबला किया जाए, नहीं तो जैसा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में चेतावनी दी है, हम नरक के हाईवे पर बढ़ रहे हैं। भारत सहित सभी देश इसको खत्म करने के लिए सहयोग करें या मरें। दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले चीन और अमेरिका से भी कहा जा रहा है कि वे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाएं और सबके साथ मिलकर मानवता को नष्ट होने से बचाएं। भारत में पर्यावरण प्रदूषण ने ऐसे गुल खिलाए हैं कि हमारी फसलों की गुणवत्ता कम हो रही है। इस साल के शुरू में जब गेहूं पका तो असाधारण, अकल्पनीय जलवायु परिवर्तन ने दाने को इस प्रकार जीरे के दाने जितना कम कर दिया कि उसकी नियमित खरीद ही संकट में पड़ गई।**

**बड़े** देशों ने वादा किया था कि जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए वे सौ अरब डालर का कोष बनाएंगे, लेकिन इस वादे को दस साल हो गए, पूरा नहीं हुआ। जर्मनी ने जोखिम वाले अट्ठावन देशों में जी-20 समूह के तौर पर इसीलिए पर्यावरण प्रदूषण से जूझने के लिए एक वैश्विक कवच की शुरुआत की थी। इसके लिए बीमा और आपदा सुरक्षा वित्त को मजबूत करने पर जोर दिया गया था। मगर इस दिशा में कदम बढ़ते नजर नहीं आ रहे। इस साल जलवायु परिवर्तन का सत्ताईसवां शिखर सम्मेलन मिस्र में हुआ। इस बार उठे सवालों में कुछ और तीखापन था। विकासशील और गरीब देश अपने ऊपर पर्यावरण प्रदूषण के कारण जो आपात घट रहा है, उसका हर्जाना मांग रहे थे। पर्यावरण कोष बनाने पर सहमति भी बनी। पर्यावरण प्रदूषण ने जलवायु में असाधारण परिवर्तन कर दिए हैं। धारासार बारिश और सूखे की स्थिति एक साथ, एक ही देश के दो हिस्सों में पैदा हो जाती है। बरसात की जगह बादल फटने लगते हैं और भारत जैसे देशों में खेती, जो पहले ही मानसून का जुआ कहलाती थी, और भी अनिश्चित हो गई है। देश में बीता वर्ष साक्षी है कि इस बार जलवायु में जो असाधारण परिवर्तन हुए, जैसे सावन की विदाई के बावजूद अक्तूबर में धारासार बारिश लौट आई और धान की पैदावार को कम कर दिया, किसानों की जिंदगी बिगाड़ दी। लगता है, अगर पर्यावरण प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को खत्म न किया जा सका तो इस सदी के आखिर में यह धरती धधकने लगेगी। इस पर रहना मुश्किल हो जाएगा। इस नरक से बचने का एक ही समाधान है कि इस दुनिया के सभी देश, वे महाशक्तियां, जिन्होंने ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन किया और अब उसका सामना करने के दायित्व से मुक्त हो जाना चाहती हैं और विकासशील देश, जो आर्थिक असमर्थता के बावजूद इस स्थिति को सहन करने की स्थिति में नहीं हैं, संयुक्त रूप से आगे बढ़ कर अपने सीमित आर्थिक संसाधनों को जोड़ कर इस पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती विकरालता को कम करें। गौरतलब है कि दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सजर्न से धरती को धधका कर तबाही की तरफ ले जाने वाले देशों की सूची में सबसे ऊपर चीन है, जो पंद्रह गीगाटन का उत्सर्जन करता है। चीन अकेला भारत, अमेरिका और यूरोपीय संघ के सताईस देशों से ज्यादा उत्सर्जन करता है। इसलिए चीन क्या धरती को एक धधकते हुए नरक की ओर ले जाने का खलनायक भी बनेगा? भारत भी बेगुनाह नहीं, वह साढ़े तीन गीगाटन गैस उत्सर्जन करता है और तीसरे स्थान पर है।

चाहे भारत के बचाव में कहा जा सकता है कि हमारा देश आबादी अधिक होने से प्रति व्यक्ति केवल 2.4 टन उत्सर्जन करता है, जबकि दुनिया का औसत उत्सर्जन 6.3 टन प्रति व्यक्ति है। अमेरिका भी बड़ा गुनहगार है, क्योंकि वहां पंद्रह टन प्रति व्यक्ति औसत उत्सर्जन होता है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। इसके बाद चीन और रूस आते हैं। तो क्या इन बड़े देशों पर यह दायित्व नहीं कि वे इस गैस उत्सर्जन को शून्य तक लेकर आएं? संकट कम नहीं है। यूएनईपी की गैस उत्सर्जन रिपोर्ट बताती है कि अगर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन यों ही होता रहा तो इस सदी के आखिरी साल या 2100 में धरती का तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा, जबकि यह 1.50



डिग्री से ज्यादा नहीं बढ़ना चाहिए, नहीं तो यह धरती रहने के काबिल नहीं रह जाएगी। इस समय भी जो जलवायु का स्तर हमारे सामने है, उसने इस तरह के अनिश्चित परिवर्तन कर दिए हैं कि आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। गर्मी के दिनों में भयानक सर्दी पड़ती है। सर्दी के दिनों में गर्मी हो जाती है। बारिश के दिनों में बारिश नहीं होती और जब बारिश का मौसम बीतता है तो धारासार बारिश होती है। कैसे रोकेंगे इसे? बड़े देशों ने वादा किया था कि जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए वे सौ अरब डालर का कोष बनाएंगे, लेकिन इस वादे को दस साल हो गए, पूरा नहीं हुआ। जर्मनी ने जोखिम वाले अट्ठावन देशों में जी-20 समूह के तौर पर इसीलिए पर्यावरण प्रदूषण से जूझने के लिए एक वैश्विक कवच की शुरुआत की थी। इसके लिए बीमा और आपदा सुरक्षा वित्त को मजबूत करने पर जोर दिया गया था। मगर इस दिशा में कदम बढ़ते नजर नहीं आ रहे।

इसके साथ ही एक और बहस चल रही है कि कच्चे तेल का उत्पादन, जिसे जीवाश्म ईंधन कहा जाता है, की अप्रसार संधि भी कर दी जाए, लेकिन वैकल्पिक ऊर्जा के उत्पादन और आपूर्ति में विफल रहने वाली यह दुनिया और उसमें सबसे आगे भारत, जो पचासी फीसद कच्चे तेल का आयात स्वयं करता है, इस संधि के लिए कैसे सहमत हो सकता है? तो पर्यावरण प्रदूषण से बचने का मार्ग यही है कि 2040 तक हर हाल में कोयले का इस्तेमाल खत्म कर दिया जाए। अगर इस सम्मेलन से उठती पर्यावरण प्रदूषण को खत्म करने की आवाज नाकाम रह जाती है और वैश्विक कवच सामने नहीं आएगा, तो जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण से पैदा होने वाले नरक से बचा नहीं जा सकेगा। यह संभावना परेशान करती है। इस प्रदूषण ने तो जरूरत से ज्यादा धधकती हुई धरती और अनिश्चित जलवायु परिवर्तन के साथ ऐसी घुटन, धुंध और अस्वस्थ जलवायु परिवर्तन पैदा कर दिया है कि भारत में औसत आयु बढ़ने के बजाय घट रही है। जो नौनिहाल हमारी धरती पर जन्म ले रहे हैं, वे कुपोषित और नाटे हैं। इसीलिए आने वाली बीमारियों का सही ढंग से मुकाबला नहीं कर पाते। अगर पर्यावरण प्रदूषण जलवायु में इसी प्रकार अनिश्चित और प्रलयंकर परिवर्तन लाता रहेगा, तो बाद में जीवन का कोई अर्थ नहीं रहेगा। प्रेम गीतों का कोई अर्थ नहीं रहेगा। जिंदगी से रोमांस गायब हो जाएगा। उसकी जगह चली आएगी एक अजब धुकधुकी, जो किसी भी समय इस अप्रत्याशित मौत से सहमी रहेगी।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कार्यालय में आपके अनुकूल वातावरण बनेगा। व्यस्तता बनी रहेगी। ऑफिस में सफलता मिलेगी। रोग की अवस्था में भी आपका चलना फिरना काफी ज्यादा हो गया है, इस पर नियंत्रण रखें।

### वृषभ

जीवनसाथी को समय, त्यागभाव और सहयोग अवश्य दें। सकारात्मक सोचें सकारात्मक बनें। आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

### मिथुन

आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें।

### कर्क

रात्रि में प्रिय अतिथियों के आने से खर्च बढ़ेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें। आज का दिन काफी रचनात्मक है। आज आपके स्वास्थ्य सुख पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। धर्म के प्रति रुचि बढेगी।

### सिंह

आज का दिन पुत्र-पुत्री या कार्यक्षेत्र की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। रिस्तेदारी में आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है।

### कन्या

धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। आज कोई खास डील फाइनल होने की सम्भावना है।

### तुला

कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है। शाम तक कोई रुका हुआ काम बनने की संभावना है।

### वृश्चिक

राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ सकता है।

### धनु

आज आपका दिन मंगलकारी रहेगा। आज प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। मूल्यवान वस्तुओं को सम्भाल कर रखें। संतान की शिक्षा या किसी सांयकाल में कोई रुका कार्य पूरा होगा।

### मकर

आज आपका दिन बेहतर रहेगा।समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी।

### कुंभ

भौतिक विकास का योग अच्छा है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है।

### मीन

शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य सही रहेगा। आज आपका दिन अनूकूल रहेगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोजाना एक संतरा खाने से सेहत को होंगे ये बेहतरीन लाभ, मोटापा समेत कई गंभीर बीमारियां होंगी दूर

संतरा न केवल एक स्वादिष्ट फल है बल्कि हमारे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। संतरे को सुपरफूड कहा जाता है क्योंकि इसमें ऐसे गुण मौजूद होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए जरूरी होते हैं। संतरे में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी, आयोडीन, कैल्शियम और मिनरल्स जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। रोजाना एक संतरा खाने या संतरे का जूस पीने से कई बीमारियों में लाभ होता है।



**इम्यूनिटी बूस्ट होती है :** रोजाना संतरा खाने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है। इससे सर्दी जुकाम और अन्य संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। संतरे में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जिससे शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

**कैंसर से बचाव :** संतरे में भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं। इसमें बीटा कैरोटीन और एस्कोरबिक एसिड पाया जाता है जो कैंसर से बचाव करने में मदद करता है। रोजाना संतरा खाने से शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद मिलती है।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद :** बीपी के मरीजों को रोजाना संतरे का सेवन करना चाहिए। इसमें कई ऐसे गुण पाए जाते हैं जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। संतरे का सेवन करने से ब्लड प्रेशर का स्तर कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**आंखों की रोशनी बढ़ती है :** संतरे का सेवन करना हमारी आंखों के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। रोजाना संतरा खाने या संतरे का जूस पीने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।

**दिमाग की सेहत के लिए लाभकारी :** संतरे को सुपर फूड भी कहा जाता है। रोजाना संतरा खाने से दिमाग की सेहत को लाभ होता है। इससे मस्तिष्क से संबंधित बीमारियां होने का खतरा कम होता है।

### गठिया में फायदेमंद

गठिया के मरीजों के लिए संतरे का सेवन फायदेमंद होता है। यह शरीर में मौजूद यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है। रोजाना संतरे का सेवन करने से जोड़ों में सूजन और गठिया के रोग से राहत मिलती है।

### बढ़ती उम्र के लक्षणों को रोके

संतरा खाने से त्वचा पर भी निखार आता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी मौजूद होता है जिससे झुर्रियों और बढ़ती उम्र के लक्षणों को रोकने में मदद मिलती है। रोजाना संतरे का सेवन करने से ग्लोइंग बनती है।

# पतली-दुबली लड़कियां ऐसे बढ़ाएं वजन मसल्स और हड्डियों में आएगी मजबूती

अक्सर माना जाता है कि लड़कियां वजन कम करने को लेकर परेशानी रहती है लेकिन सच्चाई ये है कि कई लड़कियां अपने कम वजन को लेकर भी बहुत परेशान रहती है। कम वजन के कारण कई बार वे अपने पसंदीदा कपड़े नहीं पहन पाती है। साथ ही उनमें आत्मविश्वास की कमी भी देखने को मिलती है, जिसकी वजह से वह दूसरों से बात करने में भी झिझकती हैं।

वजन बढ़ाने के लिए लड़कियां अधिक खाना या वसा से भरपूर खाना खाने की कोशिश करती है। ताकि तेजी से उनका वजन बढ़े लेकिन इससे आपकी मुसीबतें और बढ़ सकती है।

**प्रोटीन और कार्ब्स को शामिल करें :** कई बार हम वजन बढ़ाने की कोशिश में सही डाइट को फॉलो नहीं करते है लेकिन पतली लड़कियों को वजन बढ़ने के लिए अपने आहार में प्रोटीन और कार्ब्स की मात्रा शामिल करनी चाहिए। मसल्स गेन करने के लिए आप विटामिन बी12 से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे मटन, लीन मीट, पोल्ट्री, बीज, फलियां और नट्स को भोजन में शामिल कर सकते हैं।

**हेल्दी शेक और स्मूदी पिएं :** हाई कैलोरी स्मूदी और हेल्दी ड्रिंक्स की मदद से पतली लड़कियां अपना वजन बढ़ा सकती है। ये न केवल आपका स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने में मदद करता है बल्कि शरीर को भरपूर पोषण भी प्रदान करता है। स्ट्रॉबेरी एवोकैडो स्मूदी और स्ट्रॉबेरी केला पीनट बटर स्मूदी कुछ उच्च कैलोरी वाली स्मूदी, जिनका सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।




# नसों में ब्लॉकेज होने पर दिखते हैं ये लक्षण

आपने सुना होगा कि हमारे शरीर में नसों का जाल फैला हुआ है। ये अलग-अलग तरह की नसें आपके शरीर के सभी अंगों तक खून और जरूरी पोषक तत्वों को पहुंचाने का काम करता है। इन नसों में किसी तरह की परेशानी होने पर आपके शरीर के कई अंग प्रभावित हो सकते हैं।

साथ ही इससे स्ट्रोक, ब्रेन फंक्शन में परेशानी और अन्य नसों संबंधित परेशानियां हो सकती है। नसों की ब्लॉकेज के कई कारण हो सकते हैं जैसे स्मोकिगं, कोलेस्ट्रोल, फैट या किसी तरह की गंदगी जमा होने के कारण आपको नसों में सूजन और दर्द की दिक्कत हो सकती है। इससे आपको शरीर के अनेक अंगों से परेशानी हो सकती है।

### छाती या सीने में दर्द महसूस होना

कई बार आपने काम करने के दौरान या ऐसे भी महसूस किया होगा कि आपको सीने या छाती में दर्द का अनुभव होता है। कई बार सोते समय या अधिक देर तक काम के दौरान भी आपको सीने के लेफ्ट साइड में दर्द का अनुभव होता है। ये दर्द कभी-कभार हार्ट अटैक का संकेत भी हो सकता है। नसों के जाम या ब्लॉक हो जाने पर आपको हार्ट अटैक का खतरा भी हो सकता है। इसके अलावा दिल की घबराहट, कमजोरी या चक्कर आना, जी मिचलाना या पसीना आना जैसी समस्याएं हो सकती है।



### पीठ के निचले हिस्से में दर्द

नसों की ब्लॉकेज के कारण कई लोगों को पीठ के निचले हिस्से में भी दर्द की समस्या हो सकती है। ब्लॉकेज के कारण पीठ के निचले हिस्से में ब्लड सकुललेशन की दिक्कत की वजह से डिस्क कमजोर हो सकती है। साथ ही कई बार शरीर का निचला हिस्सा सूखने या सूजन के कारण फूलने लगता है। इससे आपको नसों के दबने की दिक्कत हो सकती है।

### स्ट्रोक का खतरा

नसों के ब्लॉक होने पर आपको हार्ट स्ट्रोक की दिक्कत हो सकती है। इसे भी आप ब्लॉकेज के एक लक्षणो में से एक मान सकते हैं। इससे आपकी ब्रेन तक जाने वाली नसें जाम हो जाती है और ब्लड सर्कुलेशन के कमी के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है। ऑक्सीजन के अभाव में मस्तिष्क की कोशिकाओं को काफी नुकसान पहुंचता है। कई बार आपको बेहोशी और थकान का अनुभव भी हो सकता है।

### सांस लेने में तकलीफ

नसों में फैट या ब्लॉकेज जमा होने के कारण आपको सीने में तेज दर्द के साथ सांस लेने में भी तकलीफ हो सकती है। दरअसल फैट या ब्लॉकेज के कारण नसों में गंदगी जमा हो जाती है और इसकी वजह से ब्लड फ्लो कम हो जाता है और ऑक्सीजन की कमी होने के कारण आपके फेफड़ों को ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पाती है। साथ ही आपको अंदर से कमजोरी और लेफ्ट साइड में दर्द का अनुभव हो सकता है।

### थकान और नींद की कमी

कई लोगों को नसों में ब्लॉकेज के कारण थकान और नींद की कमी का अनुभव हो सकता है। इसकी वजह से आप छोटा-बड़ा काम करके भी थक जाते हैं और सोते समय भी आपकी हृदय की गति तेज हो सकती है और साथ ही बेचैनी का अनुभव भी हो सकता है। अगर आपको भी ऐसे लक्षण लंबे समय से नजर आ रहे हैं, तो आपको तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# अमृत योजना के तहत 21 करोड़ स्वीकृत

## पेयजल से वंचित इलाकों को मिलेगा लाभ, 60 किलोमीटर बिछेगी पाइप लाइन

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में वैसे तो अधिकांश इलाकों में पेयजल की व्यवस्था हो चूकी है, फिर भी कुछ जगहों पर पेयजल आपूर्ति नही होने के कारण आम जन पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। ऐसी जगहों को चयनित कर पानी की किल्लत से निजात दिलवाने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत की मांग पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अमृत योजना के अंतर्गत मकराना को बड़ी सौगात दी है। जिलाध्यक्ष गैसावत ने जानकारी देते हुए बताया की राजस्थान सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिए अमृत टू पॉइंट जीरो के अंतर्गत मकराना शहर में प्रोजेक्ट राशि 21.03 करोड़ स्वीकृत करके ऐतिहासिक सौगात दी है जिसमे नवीन जलाशय 03 नग, पाइप लाइन लगभग 60 किलोमीटर है। मकराना में दी गई सौगात के लिए गैसावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मकराना शहर एंव ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य सरकार की अनेक




योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए हमेशा मेहनत कर रहा हूं आगे भी प्रयास जारी रखूंगा।

# विधायक मुरावतिया ने ग्रामीणों को दी 58 लाख के विकास कार्यों की सौगात

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर जिले की मकराना विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक रूपाराम मुरावतिया द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए 58 लाख 15 हजार रूपये की स्वीकृति जारी करवाई है। विधायक मुरावतिया के अनुसार ग्राम वासियों के आग्रह पर विधायक कोष के प्रस्ताव तैयार करके जिला परिषद् ग्रामीण प्रकोष्ठ नागौर को प्रेषित किए गए थे, जिनकी प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति जारी हो गई है। विधायक मुरावतिया ने कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं सहित अन्य सभी कार्यों के निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है और प्रत्येक गांव की हर एक ढाणी तक विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। विधायक मुरावतिया के अनुसार ग्राम पंचायत मनाना के ग्राम मौखमपुरा गुवाड़ में सार्वजनिक बस स्टेंड व प्याऊ निर्माण हेतु राशि 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत भरनाई के राउप्रा संस्कृत विद्यालय खाखलों की ढाणी की छत मरम्मत एवं अपुर्ण भवन को पुर्ण करने के लिए राशि 4 लाख 75 हजार रूपये, ग्राम पंचायत धानणवां के ग्राम नावद में उप स्वास्थ्य केन्द्र भुखण्ड के चार दिवारी निर्माण हेतु 6 लाख रूपये से विकास कार्य करवाये जायेंगे। इसी प्रकार नगर परिषद् मकराना के वार्ड संख्या 6 में राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय राजोरा बास में एक कमरा मय बरामदा निर्माण हेतु 5 लाख 40 हजार रूपये, ग्राम पंचायत अलतवा के ग्राम पालड़ी महेशा में जम्भेश्वर भगवान के मन्दिर के आगे आबादी क्षेत्र में सीसी ब्लॉक निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत कालवा बड़ा के ग्राम कालवा छोटा के श्मसान भुमि में टीन शेड एवं चार दिवारी निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, मकराना भाटीपुरा में विनोद चुरू वाले के घर से गोपाल शर्मा किराणा स्टोर तक सीसी सड़क निर्माण हेतु 12 लाख 50 हजार रूपये से नवीन निर्माण होगा। विधायक मुरावतिया ने साथ ही बताया कि मकराना खिलेरिया नाडा से घिटाला की ढाणी तक डामरीकरण सड़क निर्माण के कार्य के लिए 3 लाख 10 हजार रूपये, ग्राम पंचायत भरनाई के रामपुरा में खेजड़ीया बेरा की राप्रावि में एक



कमरा मय बरामदा निर्माण हेतु राशि 5 लाख 40 हजार रूपये एवं नगर पालिका क्षेत्र बोरावड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पूर्व स्वीकृत लेबर रूम के बरामदा निर्माण हेतु 4 लाख रूपये अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया गया है। विधायक मुरावतिया के निजी सहायक नारायणराम खाखल ने बताया कि सभी स्वीकृत कार्यों के शीघ्र ही टेन्डर जारी करवाकर कार्यों को शुरू करवाया जायेगा, जिससे ग्राम वासियों को राहत मिलेगी। विधायक मुरावतिया द्वारा लाखों रूपये के विकास कार्यों की स्वीकृति जारी करवाने पर संबंधित ग्राम वासियों ने हर्ष के साथ आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का 25-26 नवम्बर को प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन बीकानेर में

## कुचामन ब्लॉक के शिक्षक लेंगे सम्मेलन में भाग

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 'हमें पढ़ाने दो' के आह्वान के साथ शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, तृतीय श्रेणी अध्यापकों के शीघ्र स्थानांतरण करने, स्थायी पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने, निजीकरण को बढ़ावा देने वाली नई शिक्षा नीति 2020 की क्रियान्वयन पर रोककर समीक्षा करने एवं पुरानी पेंशन स्कीम को सही तरीके से लागू करने के लिए पीएफआरडीए कानून को रद्द करने की पुरजोर मांग को लेकर संघर्ष का कड़ा फैसला लेने के लिये एसटीएफआई से संबद्ध राजस्थान शिक्षक शेखावत का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 25 व 26 नवम्बर को सार्दुल स्पोर्टस स्कूल बीकानेर में आयोजित होगा। संगठन के तहसील अध्यक्ष टोडाराम चौधरी व मंत्री मोहम्मद शकील ने बताया की कुचामन ब्लॉक के शिक्षक साथी बड़ी संख्या में शिक्षक साथी 25 तारीख को प्रात: रवाना होकर सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। इससे पूर्व संगठन ने पूरे राज्य स्तर पर विभिन्न जिलों में चार जत्था द्वारा वाहन जागरूकता यात्रा निकाली, जिसमें हजारों शिक्षकों से संपर्क किया। प्रदेश प्रतिनिधि पवन शर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री बी.डी. कल्ला, ऊर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी, विधायक रामेश्वर डूडी, गिरधारी महिया रहेंगे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. सुरजीत मजमूदार जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय दिल्ली एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लाम्बा रहेंगे। शिक्षा बचाओं आन्दोलन के प्रदेश संयोजक प्रोफेसर डॉ. रमेश बैरवा भी शैक्षिक मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे।

### इन शिक्षक नेताओं ने की अपील

संगठन के जिला मंत्री प्रेमसिंह चौधरी, सम्पतलाल स्वामी, रामलाल चौधरी, अनिल कुमार माथुर, किस्तुरमल वर्मा, रामेश्वरराम चौधरी, भागीरथ महला, गिरधारी सिंह, चम्पालाल सोनी, किशन लाल कुमावत, रमेश शर्मा, संजय खटीक, डी.पी. दायमा, राजेन्द्र मेहरा आदि शिक्षकों ने ब्लॉक के शिक्षकों से इस प्रान्तीय शैक्षिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

# शिक्षा से वंचित 6 बच्चों का स्कूल में कराया दाखिला

## पहली बार स्कूल ड्रेस, बैग व किताबें देख उत्साहित नजर आए बच्चे



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को निकटवर्ती ग्राम मोड़ीकलाँ में शिक्षा से दूर हुए बच्चों को स्कूलों से जोड़ने की दिशा में पूर्व पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा ने पहल करते हुए यहां एक साथ 6 ऐसे बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाया गया जो पारिवारिक एवं अन्य कारणों से स्कूल से एवं शिक्षा से जुड़ नहीं पा रहे थे। ये सभी बच्चें घुमक्कड़ जाति के हैं। मातवा द्वारा किए गए प्रयास बच्चों के लिए ऐसी रोशनी लेकर आए है, जिससे वह आगे चलकर अपने व देश के सपने पूरे कर सकेंगे। ये बच्चे सोमवार को एक साथ एक ही तरह की स्कूल ड्रेस और बेग लेकर जब स्कूल पहुंचे तो तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। मातवा ने बताया कि अगर कोई बच्चा विपरीत हालात में है या बच्चे के परिवार की परिस्थितियों के कारण बच्चा स्कूल नहीं जा पा रहा है तो समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को शिक्षा के मूल अधिकार से जोड़े ताकि बच्चों के पुनर्वास के साथ-साथ उन्हें शिक्षा से जोड़ा जा सकें। इस दौरान वार्डपंच जोगानाथ, रोड़ाराम मातवा, रमजीराम गैना, तुलछाराम चोयल, पप्पुराम बावरी, हीरालाल जांगिड़, परसाराम चोयल, संपत सिंह राठौड़, दातार सिंह, जीवनराम कटारिया, गिरधारी कटारिया, पप्पूराम बेनीवाल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खारड़िया के राउमावि के विद्यार्थियो का राज्य स्तर के लिए हुआ चयन



श्यामसुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी के समीपस्थ ग्राम पंचायत खारड़िया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियो का सोमवार को 66वीं जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग व वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें जिलेभर से कई महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारड़िया के विद्यार्थियो का राज्य स्तर पर चयन हुआ। श्रवण कुमार राणा ने कहा कि सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राए खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन उज्ज्वल भविष्य का धौतक है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रो की भी प्रतिभाएं निखर कर आ रही है।

उन्होंने कहाकि गाँव में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उन्हें मौका एक मिलना चाहिए। यह एक नावाँ तहसील का पहला गांव है, जिसमें बच्चों का राज्य स्तर पर चयन हुआ। इससे गांव का नाम रोशन हुआ है । पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चे ने अपने भार वर्ग में सुप्यारी गुर्जर पुत्री हनुमान गुर्जर कक्षा 10वी उम्र17 वर्ष ने प्रथम स्थान रहकर गोल्ड मैडल व पतासी गुर्जर पुत्री नारायण राम कक्षा 9वी उम्र 19 वर्ष ने भी प्रथम स्थान रहकर गोल्ड मेडल जीता। साथ ही छोटू राम पुत्र बजरंग लाल कक्षा 12वी 19 वर्ष व सपना कंवर पुत्री विनोद सिंह कक्षा 10वी 17 वर्ष ने द्वितीय स्थान रहकर सिल्वर मैडल जीता। विजेता बच्चों को अतिथियों एवं स्कूल के अध्यापकों द्वारा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान शाला स्टॉफ व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# मौलासर के राजकीय विद्यालय में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे की राजकीय सोमानी उच्च माध्यमिक विद्यालय मौलासर के प्रांगण में बुधवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुंशी खॉ की पदोन्नति जिला शिक्षा अधिकारी से उपनिदेशक पद पर होने पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं पदोन्नति होने पर विद्यालय परिवार द्वारा मुंशी खा को राजस्थनी परम्परा के अनुसार माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। समारोह में 66वीं जिला खेलकूद प्रतियोगिता नागौर में नेटबॉल छात्रा वर्ग में जिला स्तर पर प्रथम एंव साईकिल प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की टीम ने प्रथम स्थान तथा नेटबॉल छात्र वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी टीमों को पारितोषिक वितरण एवं मुख्यमंत्री नि:शुल्क वर्दी योजना का वितरण छात्र एवं छात्राओं को मुंशी खॉ पदोन्नत उपनिदेशक, एसीबीईओ भंवरलाल खोखर, समाज सेवी भागूराम बलारा एंव प्रधानाचार्य गणपतलाल जांगिड़ ने छात्रो को सम्बोधित करते हुये कहा कि छात्र शिक्षा एंव खेल प्रतियोगिता में पुरे जोश के साथ भाग ले ताकि इस विद्यालय के पुराने दिन वापस लाये जा सके। कार्यक्रम में मंच का संचालन महीपाल शर्मा व्याख्याता द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एंव ग्राम के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शांतिभंग के आरोप में एक गिरफ्तार

धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ी बेरी में बुधवार को एक व्यक्ति मोटरसाइकिल की साइड को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया, जिसे पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। हैड कांस्टेबल महेंद्र खींची ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी बेरी निवासी दिलीप सिंह पुत्र इंद्र सिंह जाति रावणा राजपूत जो कि गाँव मे ही मोटरसाइकिल की साइड को लेकर लोगो से झगड़ा शुरू कर दिया, सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने समझाइश की लेकिन उसके न मानने पर उसे शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# आक्रोश यात्रा को लेकर आज मंथन करेंगे भाजपाई

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी मूंडवा शहर मंडल द्वारा आक्रोश यात्रा के तहत मीटिंग रखी जाएगी। महुआ मंडल अध्यक्ष मुकेश वैष्णव ने बताया कि इस कार्यक्रम में मूंडवा मंडल प्रभारी रमेश अपूर्वा की अध्यक्षता में बैठक रखी जाएगी। इस बैठक में मूंडवा शहर मंडल के सभी पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# नरेगा श्रमिकों के सहयोग से बदली मोक्षधाम की तस्वीर

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर में चल रही इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार योजना के तहत वर्तमान मे मोक्षधाम मे सफाई, पौधारोपण, सौन्दर्यकरण आदि का कार्य किया गया है। मोक्षधाम समिति के सचिव फूल चन्द परेवा ने बताया की नगर परिषद के माध्यम से श्रमिकों को कार्य हेतु लगाया गया था जिसके दौरान श्रमिको ने वहा की गन्दगी को साफ किया।

पूर्व मे लगे हुये पौधो की देखभाल कर उनमे कीटनाशक दवाई का भी छिड़काव किया। समिति ने नरेगा टीम व नगर परिषद के इस कार्य की सहराना की। कार्य की मैट सुप्यार प्रजापत ने बताया की यहा पर प्रतिदिन 60 श्रमिक पूरी सुरक्षा के साथ कार्य कर रही है। वही नरेगा से सुगन सिंह व शंकर तथा बिजु समय समय पर कार्य की जॉच भी करते है।



कार्य के दौरान श्रमिक फेमिदा बानो, हिराकणी, शबाना, जमीला, माया, सन्तोष, आशा देवी, किरण, मुन्नी देवी सहित अनेक महिला श्रमिक मौजूद रहती है।

# देश हित के लिए मोदी जरूरी : कर्नल ढाका

## विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार किया तेज

धनेश कुमार



**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान के सरदारशहर विधानसभा के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कर्नल नंदकिशोर ढाका की अगुवाई में डीडवाना विधानसभा के कार्यकर्ता सरदारशहर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक पिंचा के समर्थन में प्रचार हेतु सरदारशहर के विभिन्न गांवों में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद करने तथा वहां के लोगों को अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कर्नल नंदकिशोर ढाका ने बताया वर्तमान देश का नेतृत्व एक ऐसी राष्ट्रवादी व्यक्ति के हाथ में है जिसने देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में भारत का मान स्वाभिमान बढ़ाया है एवं देश में विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लागुकर हम सभी के लिए गौरवान्वित काम किया है।

डीडवाना के उपप्रधान ओमप्रकाश लील बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि राजस्थान की देवस्वरूप भूमि पर राजस्थान के मेवाड़ मारवाड़ शेखावटी आंचल के साथ-साथ इस वागड़ भूमि के भी अनेक वीर सैनिक परिवारों ने जिस प्रकार देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए देश की सेवा की उसी प्रकार इस चुनाव में भी भारत मां का मान बढ़ाने के लिए बीजेपी को अधिक से अधिक समर्थन देकर विजय बनाना है।

डीडवाना से पूर्व सरपंच बाँसा सावता राम बुगालिया, मौलासर मंडल अध्यक्ष किशन भिंचर, शहर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार टाक ने भी उपचुनाव के प्रचार प्रसार में भाग लिया।

# अमावस्या व प्रथम पुण्यतिथी पर 750 गायों को खिलाई लापसी



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती श्री गोपाल गौशाला खारिया-हिराणी में भजन सम्राट मदनलाल वैष्णव ने अपने पिता स्वर्गीय बजरंग दास वैष्णव के पुण्य कार्यो को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को अमावस्या व प्रथम पुण्य तिथी स्मृति पर 750 गायों को लापसी बनाकर खिलाई। वैष्णव परिवार ने गोशाला में लापसी बनाकर परिवार सदस्यों द्वारा गायों को खिलाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया गया व गायों की सेवा करने का संकल्प लिया। मदन वैष्णव ने बताया कि सनातन धर्म की धुरी गौमाता है, जिस घर में गाय का वास होता है वह मंदिर बन जाता है। गाय जिस घर में होती है वहां लक्ष्मी आती है। गौसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। वो सभी भाग्यशाली लोग है जो गोसेवा में लगे हुए है। उनके अच्छे पुण्य के बदौलत उन्हें यह मौका मिला है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग गोशाला पहुँचे। सरक्षंक श्रवण लाल पीपलोदा ने बताया कि गो सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। गौ संरक्षण को हिन्दू समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर किशन लाल कुमावत, गंगा राम दादरवाल, पं. मुकेश शर्मा, गिरधारी कुमावत, तेजपाल आइथान, सीताराम, मंगनी राम, देवाराम सोऊ, पप्पू राम सोकल, हीरालाल एवं सैकड़ों गौभक्त मौजूद थे।

# मधुरता के साथ बढ़ाएं रोगियों का मनोबल - खोजा

## राजकीय चिकित्सालय में विदाई समारोह आयोजित



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के राजकीय चिकित्सालय में मंगलवार को पीजी में चयनित हुए डॉ मुकेश खोजा, डॉ सरिता चौधरी एवं डॉ प्रतिभा चौधरी आदि चिकित्सा अधिकारियों का विदाई आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों एवं हॉस्पिटल स्टॉफ ने उनका साफा, माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर बीसीएमओ डॉ रामकिशोर सारण ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष संदेश देते हुए कहा कि स्थिति कितनी भी चुनौतीपूर्ण हो लेकिन सुनियोजित व अच्छी कार्यशैली और टीम वर्क जरूरी हैं। जिससे हम अपना प्रदर्शन बेहतर कर सकते हैं। उचित समन्वय स्थापित करते हुए उत्तरदायित्व का पालन करें तो समस्या कभी बड़ी नहीं बनती। डॉ मुकेश खोजा ने कहा कि एक डॉक्टर को धैर्य व मधुरता के साथ रोगियों का मनोबल हमेशा बढ़ाना चाहिए। जनहित में किए गए कार्य हमेशा याद किए जाते हैं। इस दौरान कांग्रेस सेवादल जिला महामंत्री हुक्माराम बाजियां, डॉ राजेश चौधरी, डॉ शिवराज प्रजापत, डॉ रमेश धाबाई, सुलेमान मौलाना, भीयाराम पेड़ीवाल, श्याम सुंदर थारोल, हाजी शकूर मोहम्मद, रामचन्द्र लेगा, सलीम खान, खेताराम कड़वा, डॉ दिलदार खान, रामनिवास टांडी, थ्रेसियम्मा, रोजमेरी, पशुधन सहायक किशोर लेगा, अजीत सारण, रामप्रकाश चोयल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता खो-खो छात्र वर्ग में मीठड़ी टीम बनी विजेता

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे की लीचाणा रोड पर स्थित रामा शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कस्बे का नाम रोशन किया है। शाला संचालक गिरीराज चौधरी ने बताया कि 21 नवम्बर से 23 नवम्बर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नम्बर 4 मकराना में विभिन्न प्रतियोगिताओं को लेकर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताए आयोजित की गई।

फाइनल मुकाबला खो खो में छात्र वर्ग 11 वर्ष का मूण्डवा व मीठड़ी के मध्य आयोजित हुआ। रोचक मुकाबले मीठड़ी की टीम विजेता रही। वहीं खो-खो छात्रा वर्ग 11 वर्ष में मकराना व मीठड़ी के मध्य फाईनल मुकाबला खेला गया, जिसमें मीठड़ी टीम उपविजेता रही। विजेता व उपविजेता टीम को स्मृति चिन्ह व



प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धी पर कस्बे के गणमान्य नागरिको ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला परिसर में विजेता व उपविजेता टीम का शाला परिवार के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

# प्रदेश स्तरीय शिक्षक संघ सम्मेलन में भाग लेने का किया आह्वान

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान शिक्षक संघ उपशाखा डेगाना की मीटिंग सभाअध्यक्ष गोविन्दराम जांगिड़ की अध्यक्षता में रखी गई, जिसमें प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन कल 25 व 26 नवंबर को सार्दुल स्पोर्ट्स स्कूल बीकानेर में होने पर चर्चा की गई। बुधवार की मीटिंग में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया। मीटिंग में जिला वरिष्ठ उपाअध्यक्ष बजरंगलाल सोहु, ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम कुलरिया, जिला उपाध्यक्ष धन्नाराम टाडा, जिला संगठन मंत्री ओंकारसिंह चारण, संरक्षक सुरेश कुमार डूडी, उपाध्यक्ष शिवजीराम महिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश वैष्णव, किशनाराम बाजिया, सुरेंद्रसिंह कारेल, संजीतप्रकाश कारेल, भीयाराम आचार्य, भूराराम राईका, नन्दसिंह मेड़तिया, पुनाराम प्रजापत, सुगनाराम छरंग, लक्ष्मीनारायण जांगिड़, मोहनराम डोडवाडिया एवं शिक्षक मौजूद थे।

# हॉस्पिटल संविदाकर्मी आज रहेंगे एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर के चिकित्सा विभाग में कार्यरत समस्त संविदा कार्मिको ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर नागौर को ज्ञापन दिया, साथ ही नागौर आज गुरुवार को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश हेतु सीएमएचओ नागौर में प्रार्थना पत्र देकर सूचित किया। सभी कार्मिकों को कल जयपुर में होने वाली पेट भरो रैली में अपनी उपस्तिथि देने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर ताजुद्दीन अब्बासी, गौरव व्यास, मनोज व्यास, प्रेमरतन बिस्सा, विपिन हर्ष, प्रताप सोनी, जाकिर हुसैन, रफीक खान, मुकेश सुथार, हीरालाल श्रीमाली, श्यामसुंदर सहित कार्मिक मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले में घायल युवक ने तोड़ा दम

## मामले का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिवार व समाज के लोग

- मारोठ पुलिस थाने में नामजद मर्डर का मामला दर्ज
- पांचोता निवासी किशोर मेघवाल पर 2 दिन पूर्व हुआ था जानलेवा हमला
- बुधवार को किशोर मेघवाल ने इलाज के दौरान जयपुर में तोड़ा दम

### न्याय व मांगों को लेकर समाज के लोग नावां तहसील परिसर के सामने बैठे धरने पर

### सोची समझी साजिश के साथ वारदात को दिया गया अंजाम

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** मारोठ थाना में बुधवार को पांचोता मृतक के पिता श्यामलाल ने अपने पुत्र किशोर मेघवाल की तीन नामजद आरोपियों सहित पांच-छः अन्य व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट पेश कर अपने पुत्र के साथ मारपीट कर गंभीर करने व इलाज के दौरान उसकी मृत्यु होने का मामला दर्ज कराया है। ज्ञातव्य रहे कि दो दिन पूर्व सोमवार शाम को मारोठ थाना अंतर्गत श्यामगढ़ पंचायत क्षेत्र की जांगल्डी तलाई में धारदार हथियार से हुए हमले में गंभीर घायल अवस्था में किशोर मेघवाल सुनसान जगह पड़ा मिला था। घायल को किसी व्यक्ति ने मारोठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां से उसे प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया गया था। जयपुर के अस्पताल में किशोर का पिछले दिनों से इलाज चल रहा था। बुधवार तड़के किशोर के इलाज के दौरान मौत हो गई। किशोर की मृत्यु के समाचार मिलते ही मारोठ थाने के बाहर आक्रोशित लोगों का वैसे ही जमावड़ा लगना शुरू हो गया जो दिन भर थाने के बाहर ही ग्रामीणों का जमावडा एवं आना-जाना रहा।

### छावनी बना रहा मारोठ थाना

मामले की गंभीरता को देखते हुए मारोठ थाने में डीडवाना एएसपी गणेशा राम चौधरी ने सुबह से ही जमावडा डाल कर पूरे मामले पर नजर बनाए रखी। सुबह सुबह ही नागौर पुलिस वृताअधिकारी विनोद छीपा सहित नावां सीआई धर्मेशदायमा, चितावा थानाधिकारी हरिराम मय जाप्ता मारोठ थाने में मुस्तेद रहे। दिनभर मारोठ पुलिस थाना छावनी में तब्दील रहा। दोपहर पहले मृतक के पिता श्याम लाल मेघवाल रोते बिलखते रिपोर्ट दर्ज कराने मारोठ थाना पहुंचे और तीन नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने सहित हत्या की रिपोर्ट मारोठ थाने में पेश की।



मारोठ में धरने पर बैठे लोग

### ग्रामीणों में चर्चा की प्रेम प्रसंग मामले को लेकर हुई है हत्या

### मृतक की माँ ने बताया कि कई बार मिल चुकी है जान से मारने की खुलेआम धमकियां



मृतक किशोर मेघवाल



विलाप करते परिजन

### इन पर है हत्या का आरोप

पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों में भींवाराम पुत्र शिवबक्ष जाट निवासी पाचोता, राजेंद्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह जाती रावणा राजपूत निवासी पांचोता एवं विमल उर्फ भानु जाति वाल्मीकि निवासी मोगलास, मोटलास तह, दांतारामगढ़ जिला सीकर और उसके साथ 4-5 अन्य व्यक्तियों ने मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचकर किशोर को जबरदस्ती जांगल्डी तलाई के पास में धारदार हथियार से वार कर मारपीट की व गम्भीर धायल किया। पुलिस ने धारा 143, 302,120, बी सहित एससी एसटी एक्स की संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खबर लिखे जाने तक मृतक किशोर का पोस्टमार्टम जयपुर एस एम एस हॉस्पिटल में नहीं हुआ परिवारजन व समाज के लोग मृतक की बॉडी को लेकर नावां धरना स्थल लेकर पहुंच रहे हैं और जब तक मामले का खुलासा नहीं होता और आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे तब तक मृतक का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा धरना जारी रहेगा की जानकारी मिली।

### इनका कहना है

'मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। किशोर की मौत दुर्घटना की वजह से हुई है या मर्डर हुआ है इसकी जांच की जा रही है। साथ ही मृतक के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट को दर्ज कर लिया गया है।'

**गणेशाराम चौधरी**
**एडिशनल एसपी डीडवाना**

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राममूर्ति जोशी पुलिस अधीक्षक जिला नागौर के निर्देशानुसार व राजेश मीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर तथा धन्नाराम वृत्ताधिकारी मूंडवा के निकटतम सुपरविजन में मूण्डवा थानाधिकारी रिछपालसिंह मय टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों को ग्राम कडलू से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी रिछपालसिंह ने बताया कि परिवादीया शोमा पत्नी उम्मेदराम जाति जाट निवासी कडलू पुलिस थाना मुण्डवा ने एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि उसके देवर पाबूराम, जेठ गणपतराम व देवरानी इन्द्रा व चैनाराम व सुरेश ने परिवादिया व उसके पति उम्मेदराम के साथ हत्या के इरादे से मारपीट की, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हुए वगैरा रिपोर्ट पेश करने पर पुलिस थाना मूंडवा पर पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में पूर्व में आरोपीगण गणपतराम, पाबूराम व आरोपिया इन्द्रा को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में पुलिस थाना मूंडवा में अभियुक्तगण चैनाराम पुत्र गणपतराम जाति जाट उम्र 24 साल निवासी कडलू व सुरेश पुत्र पाबूराम जाति जाट उम्र 22 साल निवासी कडलू को बाद अनुसंधान एवं पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। इस कार्यवाही में मूण्डवा थानाधिकारी रिछपालसिंह, कानि. नरेन्द्र, कानि. राजकुमार, कानि. देवेन्द्र कुमार, कानि. दौलतराम, चालक कानि. कानाराम मय टीम का विशेष योगदान रहा।

## विद्यार्थियों को बाल अपराध के प्रति किया जागरूक

अबूबकर बल्खी

लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज) : ए.सी.बी झुंझुनू के एडिशनल एस.पी. इस्माईल खान व लाडनूँ डिप्टी राजेश ढाका ने विमल विद्या विहार के विद्यार्थियों को बाल अपराध, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध एंव सामाजिक अपराध के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। खान ने बताया कि अपराध वह कार्य है जिससे राज्य की शांति भंग होती है या हिंसा उत्पन्न होती है। या साधारण जनजीवन दूषित होता है और जिसके लिए विधि में दंड की व्यवस्था की गई। समाज से अपराध की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन अब उन्हें कारगर ढंग से लागू करनें व अपराधियों के प्रति कठोरता अपनाई जाने की जरूरत बताई। डिप्टी राजेश ढाका ने साईबर क्राइम रोकने के बारे में जानकारी प्रदान की।

# एक्सचेंज ट्रांसफॉर्मेशन तकनीक से बचाई नवजात की जान

## 50 से ज्यादा बच्चों की जान अब तक एक्सचेंज ट्रांसफ्यूजन करके बचा चुके हैं डॉ. देवड़ा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन निवासी अब्दुल हकीम छीपा और उनके परिवार के लिए कुचामन के राजकीय चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ईशाक देवड़ा मसीहा साबित हुए है। दरअसल अब्दुल हकीम की पत्नी ईदी ने एक ऐसे शिशु को जन्म दिया, जिसके शरीर में जन्म के समय से ही पीलिया बहुत ज्यादा मात्रा में था। इससे शिशु की जान को खतरा था। ऐसे में चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ईशाक देवड़ा ने फोटो थेरेपी के जरिए पीलिया को कंट्रोल करने की कोशिश की। कामयाबी नहीं मिलने पर उन्होंने एक्सचेंज ट्रांसफ्यूजन यानी नवजात के शरीर का रक्त बदलने का फैसला किया। बच्चे की मां ईदी और पिता अब्दुल हकीम को चिकित्सालय के शिशु रोग विभाग के प्रभारी डॉ. शकील अहमद राव को खुद शिशु रोग विशेषज्ञ है ने यकीन दिलाया कि वैसे तो यह सुविधा बड़े अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में होती है, लेकिन कुचामन के चिकित्सालय में भी यह सुविधा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है और इससे जुड़े लगभग सभी मामलों में कामयाबी ही मिली है। इसके बाद बच्ची के परिजनों की रजामंदी से डॉक्टर इसहाक देवड़ा और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक एक्सचेंज ट्रांसफ्यूजन कर नवजात के शरीर से रक्त निकालकर, नया रक्त चढ़ाया गया। समय रहते इस विधि का उपयोग करने से आखिरकार नवजात की जान बच गई।

खास बात ये है की यह कोई पहला मामला नहीं है जब कुचामन के राजकीय चिकित्सालय में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के जरिए किसी नवजात की जान बचाई गई है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ईशाक देवड़ा और उनकी टीम तकरीबन 50 से ज्यादा बच्चों की जान अब तक एक्सचेंज ट्रांसफ्यूजन करके बचा चुके हैं।



### एनबीएसयू वार्ड ने विशिष्ट सुविधाओं के चलते चिकित्सालय की प्रदेशभर में बनाई पहचान

गौरतलब है कि कुचामनसिटी के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सालय के न्यू बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) वार्ड की विशिष्ट सुविधाओं के चलते चिकित्सालय की प्रदेश भर में अस्पताल पहचान बना चुकी है। उपखंड मुख्यालय के इस चिकित्सालय के एनबीएसयू वार्ड के जरिए अस्पताल में जन्म लेने वाले और रोगी के रूप में बाहर से आने वाले उन नवजात शिशुओं को जो गम्भीर बीमारियों से पीड़ित हो जाते है, उन्हें इस तरह के चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जो कि प्रदेश के कई जिला मुख्यालय के चिकित्सालय में भी उपलब्ध नहीं है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ईशाक देवड़ा ने बताया कि कुचामन के राजकीय चिकित्सालय में अब तक 50 से ज्यादा नवजात की जान ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बचाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अब्दुल हकीम के 4 बच्चों की मौत जन्म के बाद शरीर में अत्यधिक पीलिया हो जाने के कारण हो चुकी थी लेकिन इस बार चिकित्सकीय प्रयासों से नवजात की जान बचाई जा सकी है।

#### बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए चिकित्सकों व विधायक का जताया आभार

नवजात के पिता अब्दुल हकीम और उनके परिजनों ने इस मौके पर न सिर्फ चिकित्सकों का आभार जताया बल्कि स्थानीय विधायक और उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी को भी शुक्रिया कहा जिनके प्रयासों से कुचामन के राजकीय चिकित्सालय में जिला स्तरीय अस्पतालों से भी बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अब्दुल हकीम ने बताया कि उसने कई जगह कोशिश की कई अस्पतालों के चक्कर लगाए, लेकिन हर जगह से निराशा ही हाथ लगी आखिरकार कुचामन के राजकीय चिकित्सालय में उन्हें उम्मीद की किरण नजर आई।

### प्रदेश के बड़े अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों के समकक्ष सुविधाएं कुचामन के एनबीएसयू वार्ड में

गौरतलब है कि कुचामन के इस चिकित्सालय के एनबीएसयू वार्ड में कुछ सुविधाएं वे भी उपलब्ध है जो प्रदेश के बड़े अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में मिलती है। अत्यधिक कम वजन के बच्चों का इलाज इस अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ कर रहे हैं। ये सुविधा कुचामन के समकक्ष जैसे कई सरकारी अस्पतालों में नहीं मिलती है। बहुत ज़्यादा पीलिया वाले बच्चों के शरीर से खून बदलने की विधी आस-पास के अस्पतालों में सिर्फ कुचामनसिटी के राजकीय अस्पताल में ही उपलब्ध है। नागौर जिले सहित आस-पास के जिलों के भी कई नवजात का ब्लॅड ट्रांसफ्यूजन इस अस्पताल में किया गया है। यही नही समय से पहले जन्मे बच्चो के फेफड़े बनाने के इंजेक्शन की सुविधा भी कुचामन के इस चिकित्सालय में उपलब्ध है, जिसके जरिये भी कई नवजात को जिंदगी मिली है।

**अस्पताल के एनबीएसयू वार्ड की एक और विशेषता** -सीपीएपी एवं एचएफएनसी मशीने है, जो सांस मे तकलीफ वाले बच्चो के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। बड़े शहरों में मिलने वाली फ्ल्यूड थेरेपी भी एनबीएसयू वार्ड की सुविधाओं में से एक है। इंफ्युजन पम्प के जरिये फल्युड थेरेपी की इस पद्धति में डिजिटल मशीनों से निश्चित मात्रा में ग्लूकोज आदि नवजात के शरीर मे चढ़ाए जाते है ।

# चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

## सरकारी पर्ची पर लिखी मिली बाहर की दवा, यूनिफॉर्म में नहीं मिला स्टॉफ

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** मेडिकल एंव स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत सिंह ने लाडनूं के राजकीय उप जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मरीज की पर्ची पर बाहर की दवा लिखी मिली तो कई स्टाफ बिना यूनिफॉर्म नजर आए जिसपर उन्होंने चिकित्सकों व स्टाफ को लताड़ लगाई व अन्य कमियों में सुधार कर वापस उन्हें अवगत करवाने के निर्देश भी दिए।

### ड्रेसकोड में नहीं आने वाले स्टॉफ का काटा जाए वर्दी भत्ता

दौराने निरीक्षण उन्होंने जनरल पेशेंट भर्ती व इमरजेंसी वार्ड दोनों का एक ही स्थान पर उपचार करना सामान्य मरीज के साथ खिलवाड़ बताया उन्होंने दोनों के लिए अलग अलग वार्ड बनाने की हिदायत दी।

लेबर रूम के बाहर पड़ी तीन बाल्टियां हटाकर यहां जुगाड़ करने को लापरवाही बताया। उन्होंने ड्यूटी के दौरान ड्रेसकोड पहन कर नहीं आये स्टाफ को डांट लगाते हुए कहा कि ड्रेस पहन कर आने से आपके अंदर का चिकित्सक मरीज की सेवा के लिए जागता है। अगर आप यूनिफॉर्म में नहीं आते हो तो वर्दी भत्ता काटा जाएगा। उन्होंने मेडिकल स्टाफ द्वारा की गई शिकायत पर अस्पताल के बाहर मोटरसाईकिल पार्किंग को लेकर पीछे की साईड सुचारु व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं ।

### नि:शुल्क जांच लैब का समय बढ़ाएं

सिंह को मरीजों ने बताया कि यहां अस्पताल की नि:शुल्क जांच का मरीजों को पूरा लाभ नहीं मिल रहा। आऊटडोर समय 3 बजे तक है मगर जांच लैब वाले कार्मिक 12 बजे बाद जांच करना बन्द कर देते हैं जो निरीक्षण के समय दोपहर 1 बजे तक जांच पर्ची व सैम्पल लेते रहे इसका समय बढाने की मांग की गईं । इस संबन्ध में उन्होंने लेब कर्मचारियों को पाबन्द करने व जांच समय बढाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जॉइंट डायरेक्टर ने पीएमओ कमलेश कस्वां सहित अन्य चिकित्सक स्टाफ की मीटिंग लेकर चिकित्सकों को किसी भी मरीज को पर्ची में बाहर की दवाएं नहीं लिखने व उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में कोताही नहीं बरतने की हिदायत दी।

## स्वर्णकार कल्याण बोर्ड बनाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** स्वर्णकार समाज ने स्वर्णकार कल्याण बोर्ड बनाने की मांग को लेकर मुख्य मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी डेगाना पंकज गढवाल को ज्ञापन सौंपा। कन्हैयालाल सोनी डेगाना ने बताया कि आभूषण घड़ाई एक प्राचीन भारतीय कला है, जिसे स्वर्णकार समाज द्वारा सोने व चांदी के आभूषण घडाई का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है, लेकिन आज दिन तक स्वर्णकार समाज कल्याण बोर्ड का गठन नहीं हुआ। इस पर सोनी समाज डेगाना की ओर मुख्यमंत्री से मांग करते हुए आगामी बजट में स्वर्णकार कल्याण बोर्ड के गठन करने की मांग की है। इस अवसर पर अंबालाल अग्रोया, लक्ष्मी नारायण सोनी, राधाकिशन सोनी, घनश्याम सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, पिन्टु सोनी, महावीर सोनी, भींया राम सोनी, सत्यनारायण सोनी व सुनील सोनी सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका निर्माण में अनियमितताओं का आरोप

## जाँच करवाने को लेकर जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना नगर पालिका क्षेत्र में किये जाने वाले सीसी सडकें, नाली और भवन निर्माण में पालिका के अधिकारी ओर ठेकेदारों के साथ मिलकर भारी अनियमितताएँ की जा रही है। इसमें मिल रहे राजनीतिक शह के कारण बहुत ही घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करते हुये भारी मात्रा मे सरकारी राशि का दुरूपयोग हो रहा है, जिसकी उच्च स्तरीय जाँच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही करवाने को लेकर पूर्व सहकारिता मंत्री अजय सिह ने जिला कलेक्टर नागौर को ज्ञापन दिया। इसमें बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में पालिका द्वारा करवाये जा रहें समस्त निर्माण कार्यं में बेहद घटिया निर्माण सामग्री उपयोग में ली जा रहीं है। पूरा शहर गन्दगी से अटा पड़ा है। पूरी नालियां बन्द पड़ी है, जिससे शहर में बीमारियां फैल रहीं है। जबकि सफाई का ठेका पूर्व से उंची दरों पर छूटा हुआ है। कई जगहों पर पालिका द्वारा शहर के बीच में सडक् को कई महिनों से जेसीबी से खोदकर छोड़ दिया गया है जिसके कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। इसके अलावा बिना स्वीकृति के बिल्डिगं बायँलोज को ताक पर रखकर मिली भगती से बड़े बड़े व्यवसायिक कॉंप्लेक्स बनाये जा रहे है जिसमे पार्किंग सहित किसी भी प्रकार की सुविधा नही है । इस कारण शहर की यातायात व्यवस्था बिगडी हुई है ओर आमजन परेशान है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com